प्रति,                                                                                                    [ 6/3/2026]

मुख्य कार्यपालन अधिकारी        प्रश्न सं.  [ क्र. 3368 ]
जनपद पंचायत रायपुर कर्चु०
जिला रीवा म०प्र०

विषय – ग्राम पंचायत मेथौरी मे चल रहे निर्माण कार्यों की जांच के संबंध मे अंतरिम प्रतिवेदन देने बाबत्।

संदर्भ  आपका पत्र क्र. 1643/शि/जप/2025 रायपुर कर्चु. दिनांक 31.12.2025

विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 14.02.2026 को ग्राम पंचायत मेथौरी में श्रीमती सुमन साकेत माननीय अध्यक्ष जनपद पंचायत रायपुर कर्चु. द्वारा निर्माण कार्यों की शिकायत की जांच की गई स्थल निरीक्षण किया गया जिसमे श्री अरविन्द गौतम एडीईओ, शेषमणि कोल एवं उपयंत्री हरेन्द्र साहू के साथ सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे जिसमें जांच का विवरण बिंदुवार निम्नप्रकार है।

1. **आंगनबाड़ी भवन मेथौरी:–** आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृत लागत 28.26 लाख प्रशासकीय स्वीकृति क्र.–3637 दिनांक 25.01.2025 है, भवन निर्माण कार्य छत स्तर तक पूर्ण है, अंदर बाहर प्लास्टर पूर्ण है, बाउंड्रीवाल कार्य प्रगतिरत है। उक्त कार्य में 21.59 लाख रूपये व्यय किया गया है ग्राम पंचायत द्वारा मूल्यांकन अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।
2. **नाली निर्माण विजय तिवारी के घर से उमेश साकेत के घर तक:–** उक्त कार्य की स्वीकृत लागत 3.89 लाख एवं टीएस क्र.–419 दिनांक 10.03.2025 कार्य स्थल पर पूर्ण है कार्य में राशि 388703/– रूपये व्यय किया गया है। मूल्यांकन अभिलेख उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।
3. **पेबर ब्लॉक निर्माण पंचायत भवन परिसर:–** उक्त कार्य की स्वीकृत लागत 2.39 लाख रूपये एवं टीएस क्र.–393 दिनांक 07.02.2025 कार्य में सामग्री स्थल पर सामग्री गिराई गई है उक्त कार्य अभी मौके पर शुरू नहीं कराया गया है, कार्य प्रगतिरत है। मूल्यांकन अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।
4. **पानी की टंकी एवं मोटर पंप संधारण मेथौरी:–** उक्त कार्य की स्वीकृत लागत 1.37 लाख कार्य में सामग्री क्रय की गई है स्थल पर कार्य नहीं कराया गया है यह कार्य प्रगतिरत है।
5. **पानी की टंकी एवं मोटर पंप संधारण नदहा:–** उक्त कार्य की स्वीकृत लागत 1.37 लाख कार्य में सामग्री क्रय की गई है स्थल पर कार्य नहीं कराया गया है। यह कार्य अभी प्रगतिरत है।
6. **पेबर ब्लॉक रोड निर्माण नंदलाल साकेत के घर से रामश्रय के घर:–** उक्त कार्य की स्वीकृत लागत 3.15 लाख एवं टीएस क्र.–420 दिनांक 10.03.2025 कार्य स्थल पर पूर्ण है उक्त कार्य पर व्यय 2.60 लाख दर्शाई गई है। उक्त कार्य का मूल्यांकन अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।
7. **पीसीसी रोड निर्माण मुरली यादव के घर से बजरंगी साकेत के घर तक:–** उक्त कार्य की स्वीकृत राशि 3.45 लाख, स्वीकृत लंबाई 100 मीटर स्थल पर कार्य कराया गया है कार्य में 50 मीटर लंबाई में सरफेस कोर्स 1:2:4 में नहीं डाला गया है। कार्य प्रगतिरत है।
8. **सोकपिट निर्माण 10 नग ग्राम मेथौरी:–** उक्त कार्य की स्वीकृत लागत 1.88 लाख, मद 5 वां वित्त + एसबीएम उक्त कार्य में राशि व्यय नहीं हुई है।

Desktop/vmt sir ji

Scanned By Camera Scanner

संयुक्त ... (...)
पंचायत राज संचालनालय

संयुक्त संचालक (...)
पंचायत राज संचालनालय
मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

9 नाडेप निर्माण 10 नग ग्राम पंचायत मेथौरी:- उक्त कार्य की स्वीकृत लागत 1.60 लाख एवं टीएस क्र. 428 दिनांक 06.02.2023 उक्त कार्य मे राशि व्यय नही हुई है।

अत: यह अंतरिम प्रतिवेदन दिया जा रहा है। उक्त जांच हेतु अभिलेख हेतु मांग की गई है विस्तृत जाच प्रतिवेदन हेतु समय 15 दिवस की आवश्यकता है। उक्त प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर सप्रेषित है।

| | | |
|---|---|---|
| उपयंत्री 14/02/2026 | पीसीओ 14/02/2026 | एडीईओ 14/02/2026 |
| हरेन्द्र साहू | शेषमणि कोल | अरविन्द गौतम |
| जन0पंचा0 रायपुर कर्चु0 | जन0पंचा0 रायपुर कर्चु0 | जन0पंचा0 रायपुर कर्चु0 |

स्वी० मा० उपरोक्तानुसार।

संयुक्त संचालक (...)
पंचायत राज संचालनालय
मध्यप्रदेश

Desktop/vmt sir ji

Scanned By Camera Scar

Scanned with OKEN Scanner